ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)

बुलेटिन संख्या-५८ **टेलीफोन - ०६२७४-२४०२६६**
दिनांक-**मंगलवार**,१४ अगस्त,२०१८

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेद्यशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः ३१.७ एवं २५.८ डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता ६३ सुबह में एवं दोपहर में ७८ प्रतिशत, हवा की औसत गति ५.२ कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण ३.७ मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन ७.२ घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा ५ से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में २८.२ एवं दोपहर में ३१.५ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में पूसा मौसमीय वेद्यशाला में ७५.६ मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई।

• मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(१५ से १९ अगस्त, २०१८)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा०आर०पी०सी०ए०यू०, पूसा,समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी १५ से १९ अगस्त,२०१८ तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः-

- अगले एक-दो दिनों तक उत्तर बिहार के जिलों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बनी रहेगी, उसके बाद वर्षा होने की संभावना में कमी आ सकती है।
- इस अवधि में अधिकतम तापमान ३३ से ३५ डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान २६ से २८ डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।
- औसतन १० से १५ कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्यतः पूरवा हवा चलने की संभावना है।
- सापेक्ष आर्द्रता सुबह में करीब ८५ से ९० प्रतिशत तथा दोपहर में ५५ से ६० प्रतिशत रहने की संभावना है।

• समसामयिक सुझाव

- फलदार पौधें-आम, लीची, ऑवला, अमरुद, कटहल, शरीफा, नींबु के श्वस्थ पौधों को अधिकृत नर्सरी से खरीद कर रोपनी करे। रोपाई के पहले, प्रति गड्ढ़ा ४० से ५० किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद का प्रयोग अवश्य करें।
- आम के पौधों की उम्र (१० वर्ष से अधिक) के अनुसार फलन समाप्त होने के बाद अनुशंसित उर्वरको जैसे १५-२० किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद, १.२५ किलोग्राम नेत्रजन, ३००-४०० ग्राम फॉसफोरस,१.० किलोग्राम पोटाश, ५० ग्राम बोरेक्स तथा १५-२० ग्राम थाइमेट प्रति पौधा प्रति वर्ष के अनुसार उपयोग करें। जिससे अगले वर्ष पौधे फलन में आ सकें तथा उनका श्वास्थ अच्छा बना रहें।
- मक्का की खड़ी फसल में तना छेदक कीट की निगरानी करें। यह कीट फसल को काफी नुकसान करता है। इस कीट की सूंडियाँ पहले कोमल पत्तियों को खाती है तथा मध्य कलिका की पत्तियों के बीच घुसकर उन्ही से होते हुए तने में पहुच जाती है एवं तने के गूद्दे को खाती हुई जड़ की तरफ बढ़ती हुई सुरंग बनाती है। फलतः मध्य कलिका मुरझाकर सुखी हुई नजर आती है एवं इसे अगर पकड़कर खींचा जाए तो वह आसानी से बाहर निकल आती है। इस प्रकार का लक्षण दिखने पर कार्बोफ्यूरान (३ जी) का ७ किलोग्राम/हे० की दर से पौधें के गाभा में डालें।
- अगात बोई गई धान की फसल में तना छेदक तथा पत्ती लपेटक (लीफ फोल्डर) कीट की निगरानी करें। धान की फसल से खरपतवार निकालने का कार्य करें।
- सितम्बर अरहर की बुआई के लिए खेत की तैयारी करे। जुलाई माह वाली अरहर की फसल में निकौनी तथा छटनी करे।
- परवल की राजेन्द्र परवल-१, राजेन्द्र परवल-२, एफ०पी०-१, एफ०पी०-३, स्वर्ण रेखा, स्वर्ण अलौकिक, आई०आई०भी०आर०-१ आदि किस्मों की रोपनी करें। बीज दर २५०० गुच्छियाँ प्रति हेक्टेयर तथा लगाने की दुरी २ ग २ मीटर रखें। परवल की रोपाई के लिए प्रति गड्ढ़ा कम्पोस्ट ३ से ५ किलो ग्राम, नीम या अंडी की खल्ली २५० ग्राम, एस०एस०पी० १०० ग्राम, म्यूरेट ऑफ पोटाश २५ ग्राम एवं थिमेट १० से १५ ग्राम का व्यवहार करें।
- फुलगोभी की मध्यकालीन किस्में अगहनी, पूसी, पटना मेन, पूसा सिन्थेटिक-१, पूसा शुभ्रा, पूसा शरद, पूसा मेघना, काशी कुवॉरी एवं अर्ली स्नोबॉल किस्मों की बुआई नर्सरी में करें। अगात रोपी गयी फुल गोभी में पत्ती खाने वाली कीट (डायमंड बैक मॉथ) की निगराणी करे एवं प्रकोप दिखाई देने पर वचाव हेतु स्पेनोसेड दवा एक मी०ली० प्रति ४ लीटर पानी में घोलकर आसमान साफ रहने पर छिड़काव करें।
- सब्जियों की नर्सरी में लाही, सफेद मक्खी व चूसक कीड़ों की निगरानी करें। ये कीट विषाणु जनित रोग के लिए वाहक का काम करते है। इससे बचाव के लिए इमिडाक्लोरोप्रिड दवा का ०.३ मी.ली. प्रति लीटर पानी की दर से घोल कर छिड़काव करें।
- किसान भाई गौशाला में रात के समय नीम की पत्तियों का धुआं करें ताकि मच्छर तथा मक्खियों के प्रवेश पर नियंत्रण हो सके। पशुओ के निवास स्थान की साफ-सफाई करते रहे। मवेशियों को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए पशु चिकित्सक की सलाह से टीकाकरण करावें।

आज का अधिकतम तापमानः ३२.० डिग्री सेल्सियस, सामान्य से ०.४ डिग्री कम	आज का न्यूनतम तापमानः२६.५ डिग्री सेल्सियस, सामान्य से ०.६ डिग्री अधिक

(डॉ० ए. सत्तार)
नोडल पदाधिकारी